दिनांक 29.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम स्वामित्व की भूमि पर बेदखली कार्यवाही कर कब्जामुक्त कराया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड क्रं 51 असफाक अहमद द्वारा एच.एस.सी.एल. कालोनी जी.ई. रोड के दक्षिण भाग में सार्वजनिक दुर्गा मंच के सामने रिक्त सार्वजनिक कार्यक्रम स्थल पर अतिक्रमण कर शेड निर्माण करने तथा पक्का दुकान बनाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे बंद कराया गया व टीन शेड हटाये जाने सूचना पत्र तामिल किया गया था। दिनांक 19.08.2025 को बेदखली कार्यवाही के दौरान मौके पर खड़ी सुजुकी स्विफ्ट कार को क्षति से बचाव हेतु अनावेदक की पत्नी द्वारा 2 दिवस के भीतर स्वयं से कब्जा हटा लिए जाने की लिखित सहमति दी गई थी। वर्तमान में उक्त स्थल से कब्जा नहीं हटाया गया था। जिसे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से जे.सी.बी. के माध्यम से बेदखली कार्यवाही कर कब्जामुक्त कराया गया।

